नव भारत
1934 से

# बेटियों ने रचा स्वर्णिम इतिहास




**52** रन से साउथ अफ्रीका को वन वनडे वर्ल्ड कप में हराया

**47** साल के इंतजार के बाद मिली कामयाबी

**नवी मुंबई.** महिला वनडे वर्ल्ड कप 2025 का फाइनल भारत और साउथ अफ्रीका के बीच डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला गया. इस मैच में टीम इंडिया ने 52 रन से जीत दर्ज की. इसके साथ ही टीम इंडिया ने पहली बार वर्ल्ड कप का खिताब अपने नाम किया. मैच में टीम इंडिया को पहले बल्लेबाजी करने का मौका मिला और उन्होंने 50 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 298 रन बनाए. जवाब में अफ्रीकी टीम 246 रन बनाकर ऑलआउट हो गई. भारत की तरफ से शैफाली वर्मा और दीप्ति शर्मा ने अर्धशतक लगाया. 47 साल के इंतजार के बाद महिला खिलाड़ियों को मिली मिली कामयाबी.

> पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को शैफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ने अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 104 रन की साझेदारी हुई. स्मृति ने 58 गेंद में 45 रन बनाए. शेफाली वर्मा के पास इस मैच में शतक लगाने का मौका था लेकिन उन्होंने इस मौके को गंवा दिया. शेफाली ने 78 गेंद में 87 रन बनाए. उन्होंने अपनी पारी में सात चौके और दो छक्के लगाए.



## स्पेस का 'बाहुबली' बना भारत

### श्रीहरिकोटा से लॉन्च हुआ सबसे भारी कम्युनिकेशन सैटेलाइट

**नई दिल्ली, 2 नवंबर.** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) रविवार को देश के सबसे भारी स्वदेशी संचार उपग्रह सीएमएस-03 (जीसैट-7आर) को सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से शाम 5.26 बजे सफलतापूर्वक प्रक्षेपित किया। लगभग 4,410 किलोग्राम वजनी इस उपग्रह को पहली बार भारतीय सरजमीं से प्रक्षेपित किया गया है। इसे इसरो का बाहुबली राकेट बताया जाता है, जो चंद्र मिशन के दौरान अपनी काबिलियत साबित कर चुका है।

## गठबंधन सरकार शिक्षा क्षेत्र में क्रांति लाएगी : राहुल गांधी

**खगड़िया, 02 नवंबर (वार्ता). लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने रविवार को आरोप लगाया कि बिहार की सरकार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदेश पर काम करने वाले तीन-चार अधिकारी चला रहे हैं.**

गांधी ने चुनावी सभा में मुख्यमंत्री और केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया. उन्होंने कहा कि नीतीश तो नाम के मुख्यमंत्री है उन्हें तो रिमोट से मोदी चला रहे हैं.




गांधी ने नालंदा विवि की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय था जब पूरी दुनिया से लोग बिहार में शिक्षा ग्रहण आते थे. उन्होंने वादा किया कि यदि बिहार और केंद्र में इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो शिक्षा के क्षेत्र में क्रांति लाई जाएगी. बिहार में नालंदा विश्वविद्यालय जैसा विश्वस्तरीय संस्थान बनाएंगे.

## भ्रष्ट परिवारों का जोड़ है महागठबंधन : पीएम

**पटना, 2 नवंबर. प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को पटना में रोड शो किया. फूलों से सजी गाड़ी से 2.8 किमी का लंबा रोड शो दिनकर चौक से शुरू हुआ. करीब 40 मिनट चला रोड शो उद्योग भवन पहुंच कर खत्म हुआ.**

इस दौरान प्रधानमंत्री हाथ में पार्टी सिंबल कमल का फूल लेकर हाथ जोड़ कर अभिवादन किया. रोड शो के बाद प्रधानमंत्री पटना के तख्त श्रीहरिमंदिर साहिब गुरुद्वारे पहुंचे. यहां उन्होंने मत्था टेका. इसके बाद प्रधानमंत्री राजभवन में एनडीए के नेताओं के साथ डिनर किया. इस दौरान केंद्रीय मंत्री ललन सिंह, सांसद



रविशंकर प्रसाद, बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष, मंत्री नितिन नवीन, दानापुर से प्रत्याशी रामकृपाल यादव, संजीव चौरसिया भी रथ पर मौजूद रहे. इस रोड शो के जरिए पीएम मोदी पटना की 14 विधानसभा को साधने की कोशिश है.

इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार में अपने चुनाव अभियान के दौरान नवादा में रविवार को कहा कि बिहार और देश के दो सबसे भ्रष्ट परीवारों के गठजोड़ से महागठबंधन बना है.

## चुनाव परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है



▶ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने किया बिहार में प्रचार

**पटना/भोपाल, 02 नवंबर. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रविवार को बिहार के मधुवनी जिले के फुलपरास विधानसभा से एनडीए प्रत्याशी शीला मंडल के समर्थन में जनसभा एवं पटना जिले की फतुहा विधानसभा में रोड शो किया.**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि मिथिला की पवित्र भूमि पर कमल और तीर दोनों निशाने पर लगेंगे. बिहार का चुनाव परिवारवाद और राष्ट्रवाद के बीच है. एनडीए उम्मीदवारों को अपना अमूल्य वोट देकर विजयी बनाए. रामलला के अस्तित्व पर सवाल उठाने वाले आज वोट के लालच में आस्था की बात कर रहे है.

अग्रवाल ट्रेडिंग कंपनी
पाईए मन पसंद कलर
asianpaints
हर 10 लीटर, 20 लीटर
प्राइमर व्हाइट 20 लीटर के साथ
1 रोलर या ब्रेश बिलकुल फ्री
एशियन पुट्टी =610/-
मटेंहना टाईल्स बाजार
74368-74368




डाउन पेमेंट @ ₹8 999$ से शुरू
प्रतिदिन EMI ₹59$ से शुरू
इंस्टेंट डिस्काउंट ₹10 000$ तक HDFC BANK क्रेडिट कार्ड Powered by pine labs
कॉर्पोरेट ऑफर्स ₹1800$ तक
किसान योजना ₹1800$
SCAN TO KNOW MORE

INDIA'S FIRST 5 YEAR WARRANTY* *Conditions apply
Hero GoodLife Stand a chance to win 100% Cashback | 24 Carat Gold Coin and many more assured benefits*
Additional offers on Flipkart amazon.in

Hero MotoCorp Ltd. Regd. Office: The Grand Plaza, Plot No.2, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj Phase - II, New Delhi - 110070, India. I CIN: L35911DL1984PLC017354 I For further information, contact your nearest Hero MotoCorp authorized outlet or visit us on www.HeroMotoCorp.com. Accessories and features shown may not be a part of standard fitment. Always wear a helmet while riding a two-wheeler. ^Basis data available in public forum for products in 100cc Motorcycle segment. ˇOffer amount and combination of offer may vary for model/variant and states and it is applicable on select models only, for a limited time period or till stock lasts. $Finance offer is at the sole discretion of the Financier, subject to its respective T&Cs, Available at select dealerships. *Limited period offer,T&C apply. +As per cumulative sales numbers till August 2025. #Ex-showroom price of HF Deluxe Pro in Bhopal.

TOLL FREE 1800 266 0018

अधिकृत डीलरः जबलपुर: सुपर हीरो (साउथ सिविल लाईन्स) 9289922350, सुदर्शन हीरो (नेपियर टॉउन 9289922353, मदन महल 9111100352, दमोह नाका 9111100344), बालाघाट: जायसवाल हीरो 9289922572, छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो 9289922805, मण्डला: शुभा हीरो 9289922600, नरसिंहपुर: रचना हीरो 9289922377, रीवा: बद्रिका हीरो (टी.पी. नगर 9752263333, इलाहाबाद रोड 9171705391), सतना: स्टार हीरो 9289922356, बद्रिका हीरो 9289923108, शहडोल: विभोर हीरो 9289923109, गुप्ता हीरो 9289922370, कटनी: हर्ष हीरो 9289923166, वैढ़न: कुन्दन हीरो 9289922743, बजरंग मोटर्स 7354559000, सीधी: राजेन्द्र मोटर्स 9289923113, सिवनी: सुदर्शन हीरो 9821745435, चौरई: श्रीजी ऑटोमोबाईल्स, 9821749342, दमोह: इण्डिया ऑटो हीरो 9289922573, एसोशिएट डीलरः पथरिया: एसएस ऑटोमोबाइल्स, 9691147568, सेमरिया: आकाश मोटर्स 9893918358, अमरवाड़ा: अर्पित ऑटोमोबाईल्स 7428595943, ब्यौहारी: श्री राम ऑटोमोबाईल्स 9424683246, बुड़हार: श्री ऑटोमोबाईल्स 9425181937, डिंडोरी: अवधिया ऑटो 8959777333, नैनपुर: स्वास्तिक मोटर्स 9893746172, गाडरवाड़ा: शेखर व्हीकल्स 9425467409, जुन्नारदेव: लक्ष्मी नारायण मोटर्स 8109164000, कोतमा: सिटी ऑटोमोबाईल्स 7987519546, मैहर: वैशाली ऑटोमोबाईल्स 9424741022, मउगंज: सेंगर मोटर्स 9425185568, लांझी: श्रीखण्ड ऑटोमोबाईल्स 7428390262, पांडुरना: जय भवानी ऑटोमोबाईल्स 7428390263, परासिया: श्री महावीर ऑटोमोबाईल्स 7354460008, रामपुर बघेलान: साँई ऑटोमोबाईल्स 9993224296, रांझी: गुरुकृपा ऑटो 9424728007, सिहोरा: बाईक प्वांट 9826802730, उमरिया: गुप्ता ऑटो एजेन्सी 9285505630, वारासिवनी: रुसिया मोटर्स 9425822392, मुलताई: शारदा श्री मोटर्स 9522870001, चितरंगी: ओम मोटर्स 9685416118, बरगवां: बजरंग मोटर्स 9926183734, बहरी: श्याम एजेंसी 9981238133, बरही: अजीत ऑटोमोबाइल्स 7566217410, 9131739086, अनूपपुर: बाल गोविंद ऑटोव्हील्स 9770531138, 9770744844, नागोद: चौरसिया ऑटोमोबाइल्स 9926365074, देवसर: श्री राम मोटर्स 9425086868 अमरपाटन: रिशु ऑटोमोबाइल्स 9893829195, स्लीमनाबाद: अनिल मोटर्स 9425466101, रामनगर: विजय ऑटोमोबाईल्स 9893252517, धनोरा: भवानी व्हीकल्स 9424950703, सरई: यश मोटर्स, 9981718853, सालीचौका: अभिषेक इंटरप्राइजेज 8989434793, उंचेहरा: अंकुर ऑटोमोबाइल्स, 7999328251, गढ़: अंबे मोटर्स, 9752666969, गुन्नौर: मधुबन मोटर्स, 8959050501, मड़वास: ओम मोटर्स, 9009066959, मझौली: न्यू कुन्दन ऑटोमोबाइल्स, 9584628677, बीरसिंहपुर पाली: श्री कृष्ण मोटर्स, 8889131315, रीठी: प्रदीप मोटर्स, 9981303666, बड़वारा: शिवम मोटर्स, 7509839990, Hero Sure (Buy, Sell, Exchange Any Used Two Wheeler) छिन्दवाड़ा: सत्कार हीरो, 9289922805, नरसिंहपुर: रचना हीरो, 8815396340, दमोह : इंडिया ऑटो सेंटर, 8839230079

VML.5840.2025HIN